अष्टादश बिहार विधान सभा

द्वितीय सत्र

ध्यानाकर्षण सूचना

निम्नलिखित ध्यानाकर्षण सूचना बिहार विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के नियम-104(3) के अन्तर्गत दिनांक-**06.02.2026** के लिए माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा स्वीकृत की गयी है ।

क्र० सं०	सदस्य का नाम	विषय	विभाग
1	2	3	4
1.	श्री अजय कुमार, स०वि०स० श्री अरूण सिंह, स०वि०स० श्री मनोज विश्वास, स०वि०स० श्री सतीश कुमार सिंह यादव, स०वि०स० श्री इन्द्रजीत प्रसाद गुप्ता, स०वि०स०	"केन्द्र सरकार द्वारा लागू NEP 2020 और NCF-SF 2023 के दिशा-निर्देशों के अनुसार, स्कूली शिक्षा में ललितकला, संगीत और खेल को अनिवार्य विषयों की श्रेणी में रखा गया है। इन विषयों का उद्देश्य छात्रों को मानसिक, भावनात्मक और शारीरिक सर्वांगीण विकास सुनिश्चित करना है । इस संदर्भ में बिहार की वर्तमान स्थिति काफी चिन्ताजनक है । बिहार में कुल 9360 माध्यमिक विद्यालय है, जबकि ललितकला का पद मात्र 686 तक ही सीमित है । वर्ष-2015 के बाद पदों का सृजन नही किया गया है । वर्तमान नियुक्तियों (TRE-2.0 और TRE-3.0) में पदों की संख्या अत्यंत कम है । क्रमश: 284 और 40 रही है, जिसके कारण कला शिक्षकों की भारी कमी है । वर्तमान में लगभग 8000 योग्य अभ्यर्थी ललित कला विषय में STET उत्तीर्ण होकर नियुक्ति की प्रतिक्षा में हैं । कला शिक्षकों की कमी के कारण राज्य के छात्र अपनी रचनात्मक प्रतिभा निखारने से वंचित रह रहे हैं । अत: राज्य के सभी 9360 माध्यमिक विद्यालयों में छात्र-शिक्षक अनुपात के आधार पर ललितकला विषय के पदों को सृजन करते हुए BPSC TRE 4.0 की अधिसूचना में शामिल करने हेतु सदन के माध्यम से सरकार का ध्यानाकृष्ट कराते हैं ।"	शिक्षा

क्र० सं०	सदस्य का नाम	विषय	विभाग
1	2	3	4
2.	श्री आलोक कुमार सिंह, स०वि०स० श्री मुरारी प्रसाद गौतम, स०वि०स० श्री राकेश रंजन, स०वि०स० श्री महेश पासवान, स०वि०स० श्री बशिष्ठ सिंह, स०वि०स०	''बिहार राज्य में धान अधिप्राप्ति हेतु 36.85 लाख मिट्रिक टन का लक्ष्य दिया गया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 8.15 लाख मिट्रिक टन कम है । उदाहरण स्वरूप रोहतास जिला को धान का कटोरा भी कहा जाता है । इस वर्ष धान क्रय करने का लक्ष्य मात्र 3.15 लाख मिट्रिक टन प्राप्त हुआ है जबकि इस वर्ष रोहतास जिला में 13.35 लाख मिट्रिक टन धान का उत्पादन हुआ है साथ ही राज्य में धान बेचने हेतु कुल निबंधित 10.20 लाख किसानों में से अब तक मात्र 3.12 लाख किसानों से धान की खरीद हुआ है । क्षेत्र के सभी राईस मिलर एवं पैक्स के अध्यक्षों द्वारा यह सूचित किया जा रहा है कि FRK आपूर्तिकर्ता द्वारा राईस मिल को एफ.आर.के. नहीं दिया जा रहा है। जिससे पैक्सों का सी.एम.आर./ चावल SFC को आपूर्ति नहीं हो रहा है। अतः उपर्युक्त स्थितियों को देखते हुए राज्य का लक्ष्य 45 लाख एम.टी. करने एवं 31.03.2026 तक धान की अधिप्राप्ति की तिथि विस्तारित करने तथा एफ.आर.के. के अनुपलब्धता को सुचारू रूप से राईस मिलरों को उपलब्ध कराने हेतु सदन के माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट कराते हैं।''	सहकारिता

ख्याति सिंह
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञाप सं०-ध्या०प्र०-03/2026- 43 /वि०स०, पटना, दिनांक- 5 फरवरी, 2026 ई०।

प्रतिः- माननीय सदस्यगण, बिहार विधान सभा के सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

05.2.26
(रविन्द्र पंडित)
अवर सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञाप सं०-ध्या०प्र०-03/2026- 43 /वि०स०, पटना, दिनांक- 5 फरवरी, 2026 ई०।

प्रतिः- माननीय मुख्यमंत्री के आप्त सचिव / माननीय उप मुख्यमंत्रिगण के आप्त सचिव एवं माननीय मंत्रिगण के आप्त सचिव को क्रमशः माननीय मुख्यमंत्री, माननीय उप मुख्यमंत्रिगण एवं मंत्रिगण के सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

05.2.26
(रविन्द्र पंडित)
अवर सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञाप सं०-ध्या०प्र०-03/2026- 43 /वि०स०, पटना, दिनांक- 5 फरवरी, 2026 ई०।

प्रतिः- मुख्य सचिव, बिहार / राज्यपाल के प्रधान सचिव, बिहार / सचिव, बिहार विधान परिषद् / महाधिवक्ता, बिहार, पटना उच्च न्यायालय / संसदीय कार्य विभाग / शिक्षा विभाग एवं सहकारिता विभाग के सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

05.2.26
(रविन्द्र पंडित)
अवर सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञाप सं०-ध्या०प्र०-03/2026- 43 /वि०स०, पटना, दिनांक- 5 फरवरी, 2026 ई०।

प्रतिः- माननीय अध्यक्ष महोदय के आप्त सचिव / माननीय उपाध्यक्ष महोदय के आप्त सचिव / प्रभारी सचिव के प्रधान आप्त सचिव को क्रमशः माननीय अध्यक्ष महोदय, माननीय उपाध्यक्ष महोदय एवं प्रभारी सचिव, बिहार विधान सभा के सूचनार्थ प्रेषित ।

05.2.26
(रविन्द्र पंडित)
अवर सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।